ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252551 मो.9960562305 ईमेल-bsmirgae@gmail.com

## आनेवाला समय होगा कन्वर्जन मीडिया का -मंदार फणसे

### हिंदी विवि में आईबीएन-लोकमत के चीफ न्यूज एडिटर मंदार फणसे का व्याख्यान




वर्धा दि. 17 सितंबर 2011: प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं वेब मीडिया में तकनीकी दृष्टि से बड़ी तेजी से परिवर्तन हो रहे हैं। आने वाले समय में तीनों मीडिया में एकसाथ सक्षम कार्य करनेवालों की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में इन मीडिया में आने वाले पत्रकारों को अपने में स्कील और विल विकसित करने चाहिए ताकि तकनीकी परिवर्तन का सामना किया जा सके। उक्त मत आईबीएन-लोकमत, मुंबई के चीफ न्यूज एडिटर मंदार फणसे ने व्यक्त किये। वे महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र की ओर से आयोजित विशेष व्याख्यान में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र के सहायक प्रोफेसर डॉ. अख्तर आलम ने की। कार्यक्रम में मंच पर आईबीएन-लोकमत के एसोसिएट एडिटर विनोद राउत उपस्थित थे।

मीडिया के छात्रों को संबोधित करते हुए फणसे ने कहा कि तकनीकी दृष्टि से 3जी और 4जी के माध्यम से मीडिया में तेजी से परिवर्तन आ रहे है और मीडिया में भी इसका प्रभाव दिखने लगा है। लाइव प्रसारण की गति तीव्र हो गयी है। उन्होंने कहा कि प्रिंट मीडिया सेल्फ लाइफ है तो इलेक्ट्रॉनिक

मीडिया वाइब्रेंट और वेब इंटरेक्टिव मीडिया है। वेब मीडिया के द्वारा विभिन्न सोशल नेटवर्किंग साइटों का जन्म होने से हरएक व्यक्ति हरपल एक दुसरे से जुड़ा हुआ है। आने वाले दिनों में मोबाईल चैनल भी आ सकते है। इन बातों को देखते हुए मीडिया कर्मियों को आधुनिक विश्व की संचार तकनीक को अपनाने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम का संचालन केंद्र के सहायक प्रोफेसर राजेश लेहकपुरे ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अख्तर आलम ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर केंद्र के सहायक प्रोफेसर संदीप वर्मा, जनसंपर्क अधिकारी बी एस मिरगे, नितीन राउत, मनोज मुते सहित शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

बी एस मिरगे
जनसंपर्क अधिकारी

-------------------------------------------------------------------------------------------------------------

पोष्ट - मानस मंदिर, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
Post- Manas Mandir, Gandhi Hills, Wardha-442001 (Maharashtra), INDIA
Ph./Fax: (07152) 252651 ई-मेल/**E-mail: bsmirgae@gmail.com**, वेबसाईट/**Website:** www.hindivishwa.org